भारत सरकार
विधि और न्याय मंत्रालय
विधि कार्य विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं .468
जिसका उत्तर शुक्रवार, 04 फरवरी, 2022 को दिया जाना है

विधायी विभाग में रिक्तियां

468. **श्री मद्दीला गुरुमूर्ति** :

श्री मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी :

श्रीमती वांगा गीता विश्वनाथ :

श्री अदला प्रभाकर रेड्डी :

क्या **विधि और न्याय मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विधायी विभाग और उसके दो स्कंधों में लगभग पचास प्रतिशत रिक्तियां हैं , और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या सरकार ने इतनी बड़ी संख्या में विद्यमान रिक्तियों का उसके कार्यकरण पर होने वाले प्रभाव का आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) उक्त रिक्तियों को भरने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं ?

उत्तर

विधि और न्याय मंत्री
(श्री किरेन रीजीजू)

(क) से (ग) : जी, नहीं । वर्तमान में, विधायी विभाग में 461 पदों में से लगभग 171 पद रिक्त है, जो कुल पदों को 37.09 प्रतिशत होता है । तथापि, विभाग में रिक्तियों को भरने का प्रत्येक प्रयास किया जाता है ।

****